**कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद -500 009**
**OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS**
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

**दूरभाष/TELE: 040-27843385** **फैक्स/FAX:040-27817275**

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक दिनांक : 03.07.2017

विषय : 06/2017 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*******

इस कार्यालय की 06/2017 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 27.06.2017 को दोपहर 3.00 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री टी. रामबाबू, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री टी. रामबाबू, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्री बी. शिव शंकर, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री प्रेमसागर मीना, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | सदस्य |
| 4. | श्रीमती जी. धनलक्ष्मी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री एस. मुरलीकृष्णा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्री जे. अंजन कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्रीमती बी. शैलजा राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्री पी.एस.वी. नागेंद्र कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्री रमेश चंद्र पट्टनायक | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | सदस्य सचिव |

<u>अन्य उपस्थित :</u>

श्रीमती ओनिमा के. दास, कनिष्ठ अनुवादक

## "बैठक का कार्यवृत्त"

सर्वप्रथम समिति के नए अध्यक्ष महोदय श्री टी. रामबाबू का स्वागत किया गया । उसके उपरांत समिति के चार नए सदस्यों श्री एस. मुरलीकृष्णा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, श्री जे. अंजन कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, श्रीमती बी. शैलजा राव, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, और श्री पी.एस.वी. नागेंद्र कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी का परिचय देते हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

**मद सं.1 - दिनांक 17.03.2017 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :**

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 17.03.2017 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 17.03.2017 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. हिंदी कार्यशाला का आयोजन - समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार क्षेत्रीय लेखा कार्यालय (थलसेना), विशाखापट्टणम् में मई के महीने में दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में विशाखापट्टणम् स्थित सभी अधीनस्थ कार्यालयों के कर्मचारियों ने भाग लिया । कुल 11 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया ।

2. ट्यूलिप परियोजना में हिंदी को शामिल किया जाना - पिछली बैठक में सूचित किया गया था कि आई.टी.एस.डी.सी. को वेतन पर्ची (Pay slip) के सभी फील्डों (कुल 135 मद) और रिजेक्शन मेमो का हिंदी अनुवाद सुषा फॉंट में बनाकर दिया गया है । साथ ही सा.भ.नि. से संबंधित कार्यालय टिप्पणी को, जो सीधे ट्यूलिप से जेनरेट होती है, द्विभाषी बनाकर आई.टी.एस.डी.सी. को भेजा गया है। लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है । समिति को सूचित किया गया कि इस संबंध में आई.टी.एस.डी.सी. के नियंत्रक महोदय को इस कार्यालय के नियंत्रक महोदय की ओर से एक अ.शा.पत्र भी भेजा गया है । परंतु अभी तक वहाँ से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है ।

3. छोटे अधीनस्थ कार्यालयों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन - समिति को सूचित किया गया कि मुख्यालय कार्यालय से आदेश प्राप्त हुए थे कि बहुत छोटे अधीनस्थ कार्यालयों के लिए संयुक्त रूप से हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाए । जैसा कि पिछली बैठक में निर्णय लिया गया था, इस संबंध में संगठन और पद्धति कक्ष से संपर्क करके उनके वार्षिक कैलेंडर में हैदराबाद-सिकंदराबाद स्थित अधीनस्थ कार्यालयों के लिए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला को शामिल किया गया है और यह कार्यशाला जून, 2017 के महीने में आयोजित की गई ।

**मद सं. 2 - पिछली दो तिमाहियों 12/2016 तथा 03/2017 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :**

इस संगठन की पिछली दो तिमाहियों 12/2016 तथा 03/2017 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

1. धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 12/2016 | 339 | 339 | शून्य |
| 03/2017 | 314 | 314 | शून्य |

2. <u>हिंदी पत्राचार की स्थिति</u> :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 12/2016 | 19966 | 5844 | 77.35% |
| 03/2017 | 21712 | 6349 | 77.38% |

**<u>मद सं. 3</u> - <u>रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा</u> -** समिति को अवगत कराया गया कि पिछली तिमाही में महानियंत्रक कार्यालय से केवल 09 पत्र प्राप्त हुए हैं । इसमें से एक पत्र के अधीन मुख्यालय कार्यालय में 03/2017 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त प्राप्त हुआ है जिसमें इस कार्यालय के लिए विशेष रूप से कोई निदेश नहीं है । इसके अतिरिक्त मुख्यालय कार्यालय द्वारा वार्षिक कार्यक्रम 2017-18 का लिंक दिया गया जिसके द्वारा राजभाषा विभाग की वेबसाइट से वार्षिक कार्यक्रम 2017-18 को डाउनलोड करके सभी अनुभागों/ अधीनस्थ कार्यालयों को परिचालित किया गया । समिति को सूचित किया गया कि मुख्यालय कार्यालय द्वारा उनके वेबसाइट में संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण संबंधी कुछ निदेश प्राप्त हुए हैं जिसके अनुसार कार्यालय में रखी जा रही सेवा-पुस्तिकाओं के शीर्षक द्विभाषी लिखे जाने चाहिए और सेवा-पुस्तिकाओं में यथासंभव प्रविष्टियों को हिंदी/द्विभाषी रूप में दर्ज किया जाना चाहिए । इस संबंध में मुख्यालय कार्यालय को सूचित किया गया है कि सभी सेवा-पुस्तिकाओं के शीर्षक द्विभाषी लिखे गए हैं और नेमी प्रविष्टियाँ जैसे छुट्टी/सेवावधि सत्यापान/सी.सी.एस.(आर.पी), 2016 के अधीन वेतन निर्धारण//वेतनवृद्धि संबंधी प्रविष्टियों के लिए द्विभाषी रबड़ की मोहरों का प्रयोग किया जा रहा है और रबड़ की मोहरों के नमूने भी मुख्यालय कार्यालय को भेजे गए हैं । इसके साथ-साथ मुख्यालय कार्यालय ने वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट और निरीक्षण कार्यक्रम 2017-18 की प्रति माँगी थी, जो मुख्यालय कार्यालय को भेज दी गई हैं ।

**<u>मद सं. 4</u> - <u>वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा</u> -** समिति के सदस्यों को बताया गया कि राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2017-18 के लिए वार्षिक कार्यक्रम प्राप्त हो गया है और पिछले वर्ष के वार्षिक कार्यक्रम की तुलना में लक्ष्यों में कोई परिवर्तन नहीं है । सदस्य सचिव ने सदस्यों के सामने मार्च 2016 की तुलना में मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष की स्थिति को प्रस्तुत किया । अध्यक्ष महोदय ने दर्ज की गई प्रगति पर हर्ष प्रकट किया ।

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि छोटे अधीनस्थ कार्यालयों में एक सरल हिंदी पत्रिका जैसे ''चंपक'' खरीदी जाए ताकि सभी कार्यालयों में हिंदी पुस्तकों की खरीद हो सके । अध्यक्ष महोदय ने इस संबंध में एक प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा जिसे सदस्य सचिव ने नोट किया ।

**<u>मद सं. 5</u> - <u>संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा</u>** :

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी अधिकारी | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ हिंदी अनुवादक | 01 | 02 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि हिंदी के रिक्त पदों के संबंध में मुख्यालय कार्यालय को एक पत्र लिखा जाए ।

**<u>मद सं. 7</u> - <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई सुझाव</u> :**

<u>सुझाव सं. 1</u> - सदस्य सचिव ने समिति के सदस्यो को बताया कि राजभाषा विभाग द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हैदराबाद(3) का कार्यभार क्रीडा (CRIDA), संतोषनगर से लेकर सी.एस.आई.आर-एन.जी.आर.आई.(CSIR-NGRI) को दिया गया है । इस संबंध में NGRI से पत्र प्राप्त हुआ है और न.रा.का.स. से संबंधित आगे होने वाली गतिविधियों के लिए NGRI को जाने की सूचना दी गई है ।

<u>सुझाव सं. 2</u> - सदस्य सचिव ने सभी ग्रूप अधिकारियों/लेखा अधिकारियों से अनुरोध किया कि वेबसाइट में अपलोड करने से पहले ही परिपत्र को अनुवाद हेतु हिंदी कक्ष को दिया जाए ताकि हिंदी वेबसाइट में तुरंत ही अद्यतन सूचना अपलोड की जा सके । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि जहाँ तक हो सके दोनो भाषओं में परिपत्र को एक साथ अपलोड करने का प्रयास किया जाए ।

<u>सुझाव सं. 2</u> - अध्यक्ष महोदय ने कहा कि इंजिनियरिंग अनुभाग में बहुत से प्रपत्र द्विभाषी बनाए जा सकते हैं । एक बार अनुवादक ई अनुभाग में जाकर इन संभावनाओं की जाँच करें । अनुवादक ने इस नोट किया ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

**हस्ता/-**
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली ।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), हिंदी अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, केन्द्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान, संतोषनगर, हैदराबाद।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. सभी प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

**हस्ता/-**
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**